प्रकाशनार्थ

31 अक्टूबर 2025, गोरखपुर

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड सेंटर द्वारा एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।
इस अवसर पर अनेक रक्तदाताओं ने मानवता की सेवा हेतु स्वेच्छा से रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जरूरतमद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना था।
कार्यक्रम का संचालन ब्लड बैंक अधिकारी डॉ अवधेश अग्रवाल द्वारा किया गया।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त से तीन जीवन बचाए जा सकते हैं। हमें गर्व है कि सरदार पटेल की जयंती जैसे प्रेरणादायक अवसर पर हम सबने यह सेवा कार्य किया।

इस रक्तदान शिविर में लगभग 25 लोगों ने खतदान किया।

डॉ. अवधेश अग्रवाल सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद देते है तथा सभी को सम्मान पत्र देकर सम्मानित करते है।
शिविर को सफल बनाने में ब्लड बैंक कर्मचारीयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।